उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा अनुभाग–10
संख्याः– 943 /पांच–10–2018–जी–196/2000
लखनऊ : दिनांक : 07 मई, 2018

विज्ञप्ति

राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान, इन्दिरानगर, लखनऊ एक राजकीय प्रशिक्षण संस्थान है। संस्थान के निदेशक के पद वेतनमान रू0 37400–67000 ग्रेड पे–8900 (सातवें वेतन आयोग के अनुसार लेवल–13क) को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। निदेशक पद के लिए निर्धारित अर्हता निम्नवत् हैः–

शैक्षिक अर्हताः	"स्नातकोत्तर उपधि जैसे–एम0डी0 (पी0एस0एम0), एम0डी0 (सी0एच0एस0), एम0डी0 (कम्यूनिटी हेल्थ) डाक्ट्रेट इन पब्लिक हेल्थ या सामाजिक विज्ञान में पी0एच0डी0 या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पब्लिक हेल्थ विशिष्टता के साथ समकक्ष उपाधि।"
अनुभवः	(अ) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के क्षेत्र में रिसर्च या प्रशिक्षण का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव। (ब) प्रशासनिक अनुभव।
आयु सीमाः	दिनांक 01.06.2018 को न्यूनतम 45 वर्ष अधिकतम 52 वर्ष।

2– प्रश्नगत पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त अधिकारी को समय–समय पर निर्गत किये गये शासनादेशों के अनुसार मंहगाई भत्ता व अन्य भत्ते जो भी नियमानुसार देय हों, अनुमन्य होंगे।

3– निदेशक को संस्थान परिसर, इन्दिरानगर, लखनऊ में आवास तथा वाहन सुविधा नियमानुसार प्रदान की जायेगी।

4– उक्त पद केन्द्र अथवा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों/विश्वविद्यालयों, मेडिकल कालेजों, केन्द्रीय/राज्य के राजकीय प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत उपयुक्त अभ्यर्थियों में से तीन वर्ष की प्रतिनियुक्ति पर भरा जाएगा, जिसकी अवधि समय–समय पर अधिकतम पॉच वर्ष तक बढ़ायी जा सकती है।

5– इस संबंध में आवेदक की वर्तमान सेवा, धारित पद का नाम एवं वेतनमान, नियोक्ता का नाम, वर्तमान सेवा की प्रकृति यथा स्थायी/अस्थायी इत्यादि के विवरण एवं अद्यतन प्रकाशनों की रिप्रिन्ट्स, कार्य एवं अनुभव के प्रमाण–पत्र संलग्न हो, के साथ आवेदन–पत्र पंजीकृत डाक द्वारा सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तर प्रदेश शासन, कक्ष संख्या–607, विकास भवन, लखनऊ को दिनांक 20.06.2018 या उससे पूर्व अवश्य प्राप्त हो जाए।

(पंकज कुमार)
सचिव
चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं
परिवार कल्याण,
उ0प्र0 शासन।